दिनांक 17-04-2026 को बीएसएनवी पी.जी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग (बी.ए एवं एम.ए)के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 संजय मिश्रा, कला संकाय प्रभारी प्रो.अनिल पांडे, विभागाध्यक्षा प्रोफेसर वंदना ने माता सरस्वती एवं मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के अन्य प्रवक्ता गण प्रो. विजय, डॉ. शुभ्रा त्रिपाठी, डॉ.एम.एल मौर्य एवं ऋचा पांडे उपस्थित रहे। विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस उपलक्ष्य पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जैसे रैंप वॉक, मिमिक्री, ड्रेसिंग कंपटीशन इत्यादि। छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, कविता पाठ सम्मिलित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अजय, आशुतोष, हिमांशु, हर्ष कुमार, सागर, पायल शर्मा,कोमल रावत, कृतिका चौहान, भूमिका, सपना, प्रतिमा इत्यादि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वर्ष भर के प्रदर्शन को देखते हुए बी.ए से अजय शर्मा एवं हिमांशु यादव को क्रमशः सर्वोत्तम छात्र एवं समयनिष्ठ छात्र का पुरस्कार एवं एम.ए के अक्षत शर्मा को सर्वोत्तम छात्र का पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 संजय मिश्रा ने आशीर्वचन देकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रोफेसर विजय ने छात्र छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने हेतु उनकी प्रशंसा की एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्षा प्रोफेसर वंदना ने छात्र-छात्राओं के साल भर के योगदान बताते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं शुभाशीष दिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका डॉ0 शुभ्रा त्रिपाठी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।